>

Title: Need to enhance the units under Nuclear Power Project in Rajasthan..

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में आणविक विद्युत परियोजना की क्षमता 220 मेगावाट की थी और प्रथम और द्वितीय इकाई की स्थापना के साथ ही इनकी पूरी क्षमता की बिजली राजस्थान को दी जा रही थी। परन्तु जुलाई, 2007 में मरम्मत और रख-रखाव के कारण इन इकाइयों को बंद कर दिया गया है और तब से यह वापिस चालू नहीं हो पाई हैं। इससे राजस्थान को विद्युत आपूर्ति करीब-करीब बंद है और विकास के सारे कार्य ठप्प हो गए हैं। माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से ऊर्जा मंत्री जी से आग्रह कर रहा हूं कि आगामी इकाइयां द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, सातवीं और आठवीं, उनमें और विशेष रूप से जो बांसवाड़ा में न्यूक्लियर विद्युत परियोजना प्रारंभ होने जा रही है, उसमें राजस्थान का पूरा हिस्सा रखने की कृपा करें।

MR. SPEAKER: I will now call only Shri Radhkrishnan because he has to relieve me; come and sit here in the Chair. Shri Radhkrishnan, have you heard the condition that you have to come here?